तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 खाद की कालाबाजारी रोकने कवायद अब थंब लगाने पर ही मिलेगी खाद



## खबर संक्षेप

### गुरूपूर्णिमा पर मां हसदेव आरती 10 को

**कोरबा।** आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया जाएगा। नमामि हसदेव सेवा समिति ने बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदुषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु आवेदन 6 अगस्त तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला-रायपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से जिले के पात्र अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन एवं शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 6 अगस्त तक है। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के नाम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास आई.टी.आई. रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग- प्रथम तल में जमा किया जाएगा।

### पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रारंभ

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) पाठ्यक्रमों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्विविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश की विस्तृत समय-सारणी जारी कर दी है। विद्यार्थी 7 जुलाई से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। जिसकी अंतिम तिथि 16 जुलाई तय की गई है। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 जुलाई को विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों को छात्रों की सूची ऑनलाइन माध्यम से भेजेगा। उसी दिन कॉलेज स्तर पर मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। मेरिट के आधार पर 22 जुलाई तक छात्रों को अंतिम रूप से प्रवेश मिल सकेगा। विश्वविद्यालय ने साफ निर्देश दिए हैं कि तय तिथि के बाद प्रवेशित छात्रों की सूची कुलपति अनुमोदन के लिए भेजना अनिवार्य होगा। इसके बिना किसी भी छात्र का प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा।

### छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की अधीक्षण अभियंता के साथ पूर्व में आयोजित बैठक के परिपालन में सोमवार को पुनः समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अतिरिक्त सभी जोन/ वितरण केन्द्र में सबस्टेशन के जर्जर कंट्रोल रूम के स्थान पर नवीन कंट्रोल रूम बनाने, सुलभ शौचालय बनाने, सभी कार्यालयों की साफ सफाई हेतु सिविल डिस्ट्रीब्यूशन को पत्र भेजने, उत्पादन कंपनी के आवासीय कॉलोनी में निवासरत अधिकारी, कर्मचारी के लंबित बिजली बिल के निराकरण हेतु उत्पादन कंपनी के आवास आबंटन समिति से अतिशीघ्र बैठक करने, सबस्टेशन आपरेटरों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करने, ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के निरीक्षण हेतु जांच टीम गठित कर परीक्षण कराकर बिल पास करने तथा शहर संभाग के अंतर्गत कार्यरत विभागीय डाटा एंट्री ऑपरेटर की वेतन विसंगति के संबंध में सकारात्मक चर्चा उपरांत सहमति व्यक्त की गई। डाटा एंट्री ऑपरेटर के संबंध में संगठन की ओर से यशवन्त राठौर द्वारा पावर कंपनी के सर्कुलर को कोड करते हुए प्रशिक्षण अवधि में प्राप्त भत्ता की कटौती को वापस दिए जाने का विचार रखा गया।

# ज्वाइनिंग नहीं करने वाले अतिशेष शिक्षकों का अब कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों के लिए स्थानांतरित किए गए शिक्षकों पर अब ज्वाईनिंग के लिए कड़ाई बरतने की कवायद चल रही है शासन ने इसके आदेश जारी किए हैं। ज्वाईनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का अब वेतन कटेगा। 17 जून को इन सभी अतिशेष शिक्षकों को ज्वाईनिंग के आदेश दिए गए थे किंतु 20 दिन के बाद भी अधिकांश शिक्षकों ने ज्वाईनिंग नहीं ली है। 11 अप्रैल को होने वाली समीक्षा बैठक में जानकारी आने के बाद इसकी कार्यवाही शुरु हो जाएगी।

शिक्षक विहिन और एकल शिक्षिकीय स्कूल में शासन के युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना काउंसलिंग के द्वारा जून माह के प्रथम सप्ताह में की गई थी और सभी 537 अतिशेष

## 11 को होगी सभी बीईओ की समीक्षा बैठक

**खास बातें**

- 105 अतिशेष शिक्षकों ने पदस्थापना के विरुद्ध ली थी न्यायालय की शरण




### दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं जा रहे शिक्षक

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत भले ही शासन प्रशासन ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की कार्यवाही भले ही की है किंतु ये शिक्षक अभी भी युक्तियुक्तकरण के विपरीत किसी न किसी बहाने से दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में ज्वाईनिंग देने से बच रहे हैं। जबकि दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में लंबे समय से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बनी हुई है ऐसे स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षक भेजने के लिए युक्तियुक्तकरण की अपनाई गई है उसके बावजूद न्यायालय जाने वाले शिक्षक उनके समस्या का निराकरण नहीं होने का हवाला देकर दोबारा न्यायालय जाने की तैयारी में जुट गए हैं।

शिक्षकों को 17 जून तक ज्वाईनिंग के आदेश दिए गए थे। किंतु 105 अतिशेष शिक्षकों ने पदस्थापना के विरुद्ध न्यायालय की शरण और अस्थायी रुप से स्टे ले लिया। इनके समस्याओं के निराकरण के लिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश पर अलम करते हुए अतिशेष शिक्षक जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित हुए इनमें से कुछ के समस्याओं का निराकरण होने के बाद ज्वाईनिंग कर ली गई है। कुछ ऐसे अतिशेष शिक्षक हैं जो ⏭ शेष पेज 3 पर

## रील व सेल्फी के चक्कर में पर्यटन केन्द्रों में बारिश में लग रही है भीड़

# पर्यटन केन्द्रों में पल पल में है खतरा, पाबंदी के बाद भी जान हथेली में लेकर पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों की बात करें तो सतरेंगा, बुका, देवपहरी, केंदईफॉल का नाम सबसे पहले आता है, जहां शरद ऋतु दौरान हर साल इन पर्यटन केन्द्रों में हजारों की तादाद में

**खास बात**

- ज्यादातर युवक युवती सतरेंगा, देवपहरी व काफी पाइंट के रास्ते कर रहे हैं सैर सपाटा

पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन इन पर्यटन केन्द्रों को बारिश के दौरान 4 महीने के लिए प्रतिबंध रहता है, लेकिन प्रशासन के नियमों को ताक में रखना बारिश में इन स्थानों में जाकर रील बनाना व सेल्फी लेना आदम में शुमार कर दिए हैं, जिसकी वजह से ऐसे स्थलों में जा रहे हैं और अपनी जान को हथेली में ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु 15 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों को बारिश के दौरान खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा पाबंदी लगा दी जाती है। वन विभाग लगातार ऐसे स्थलों में लोगों से न जाने की अपील भी करता है, लेकिन लोग वन विभाग के आदेश निर्देशों का खुला उल्लंघन करते हैं और बारिश में सैर सपाटा करना फैशन समझते हैं और सैर सपाटे के दौरान सेल्फी व रील बनाने के लिए ही ज्यादातर लोग पर्यटन केन्द्रों में पहुंचते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों



फाइल फोटो

में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन इसके बाद भी लोग इससे सबक नहीं लेते हैं और फिर से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति करने लगे हैं। नया मामला फिर से दोपहरी में सामने आया है जहां शहर के तीन युवती दो युवक सैर सपाटे के लिए दोपहरी गए थे। जहां सेल्फी लेने के दौरान कुछ देर में ही चोरनई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पांच लोग नदी के तेज प्रवाह में फंस गए थे। फिर क्या था हमेशा की तरह ग्रामीण ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को दी जहां जिला मुख्यालय से नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद पांच लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। लेकिन इस घटना के बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और शासन प्रशासन के नियमों को ताक में रखकर बारिश का मजा लेने के लिए फिर से सैर सपाटा करने आ जाते हैं। जब तक वन विभाग पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई नहीं करेगी तब तक ऐसे लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आएंगे।

### जल स्तर घटने पर किया गया रेस्क्यू

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर देवहरी गोविंद झूंझ जहां बारिश में सैर सपाटे के लिए गए तीन युवती व दो युवक नदी का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से पांचों लोग टापू में फंस गए थे, जिसके बाद इसकी सूचना जिला मुख्यालय में बैठे पुलिस व प्रशासन के अफसरों को दी गई। जिसके बाद रात लगभग 8 बजे जिला मुख्यालय से नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, लेकिन चोरनाई नदी में पानी की रफ्तार इतनी तेज थी की रेस्क्यू टीम ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना उचित नहीं समझा। सूत्र बताते हैं की रात लगभग 10 बजे तक पानी के रफ्तार कम होने का इंतजार किया गया। जैसे ही चोरनाई नदी का जलस्तर कम हुआ जिसके बाद ग्रामीण, नगर सेना, पुलिस की टीम ने टापू में फंसे पांचों लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जहां ग्राम दोपहरी में रहने रखने वाले एक वृद्ध व्यक्ति ने रस्सी को पहले अपने हाथ में बांध लिया और इसके बाद वह रस्सी के सहारे टापू के पास पहुंचा और टापू के पास एक पत्थर पर रस्सी को बांधा गया, जिसके बाद रेस्क्यू टीम के कुछ सदस्य भी वहां पहुंचे और रस्सी के सहारे एक-एक कर पांचो को देर रात लगभग 1.30 बजे रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए पांचों लोग में प्रगतिनगर निवासी प्रमोद सिंह, पाली रोड दीपका निवासी नागेश तिवारी, एमपी नगर निवासी सिप्प सिंह, मिशन रोड निवासी हर्ष कंवर, प्रगतिनगर दीपका निवासी एकता कंवर को बचाने में नगर सेना की रेस्क्यू टीम लेमरू पुलिस टीम व ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

### कार में स्टंटबाजी करने वाले दो लोगों पर हुई कार्रवाई




जिले में इन दिनों रील बनाने की होड़ मची हुई है। रील बनाने के लिए लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। लोग तरह तरह की हरकते कर रहे हैं और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं ताकि उन्हें अच्छा खासा टीआरपी मिल सके। नया मामला फिर से सामने आया है जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चलती कार की छत पर बैठे कर युवकों का स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। निहारिका मुख्य मार्ग पर कुछ युवकों ने कार की खिड़की से बाहर खड़े होकर और छत पर बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया में वायरल किया गया है इस तरह के मामले जिले में सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों बालको रोड में एक ऑटो में स्टंटबाजी करते हुए वीडिया वायरल हुआ था। मामले को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया और कार चालकों खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का फरमान जारी किया, जिसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का व उनकी टीम ने चंद घंटों के भीतर ही कार में स्टंट बाजी करने वाले कार क्रमांक सीजी 12 बीपी 2583 को धर दबोचा और मामले में एम नगर अटल आवास निवासी सोहन कुमार सारथी 25 वर्ष पिता शिव कुमार सारथी, मैफुज आलम पिता मोहम्मद आलम 28 वर्ष व अंकुश मिंज पिता प्रकाश मिंज 22 वर्ष को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 184, 189 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# वृद्धा की जली हुई मिली लाश तहकीकात में जुटी पुलिस



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 70 वर्षी वृद्ध महिला एसईसीएल के मकान में अकेले निवास करती थी, जिसकी जली हुई अवस्था में लाश उसके घर के पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर

**खास बात**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के सोमवारी बाजार पानी टंकी की घटना

पुलिस की टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पुत्र के आने के बाद पुलिस द्वारा मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा कि महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष] पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में देखी गई। लाश उसके घर के ठीक पीछे स्थित एसईसीएल के मकान नंबर 32 के ठीक पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर बांकीमोंगरा पुलिस व सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.सत्यजीत सिंह, कोसरीया वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.जश्री सिंह, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटना स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किया। मौत के कारणों का स्पष्ट कारण नहीं आने पर घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल जांच के लिए भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतका के पुत्र के आने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला वहां कैसे पहुंची यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### रेंकी पुल से बहे सुकालू का मिला शव



**कोरबा।** हरदीबाजार गांव में एक दुखद घटना घटी। सुकालू पटेल नामक व्यक्ति रेंकी पुल से बह गया था, जिसका शव घटना स्थल से 150 मीटर दूर अपने खेत के नीचे नदी किनारे औंधे मुंह पड़ा मिला। सुकालू पटेल की तलाश में रेस्क्यू टीम सोमवार से लगी हुई थी। नदी की धार में कमी आने से सुकालू का शव ग्रामीणों को दिखा, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

# पानी के तेज बहाव में बहा 8 वर्षीय बालक, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी में बह जाने से एक मासूम बालक की मृत्यु हो गई, घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है,नेहरू नगर निवासी दीपेश साह (उम्र 8 वर्ष) मंगलवार को अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने के बहाने घर से निकला था। दोनों बच्चे नेहरू नगर श्मशान घाट के समीप पानी में नहा रहे थे, तभी अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए। इस दौरान दीपेश का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में बह गया। इसी बीच घाट पर मछली पकड़ रहे कुछ स्थानीय लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी। जब उन्होंने देखा कि वह जाल में फंसा है, तो बिना देर किए उसे बाहर निकाला और डायल 112 को सूचना दी। चालक खुशवंत राठिया समेत आरक्षक 151 सुरेन्द्र पाल कंवर मौके पर पहुंची और बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान दीपेश को मृत घोषित कर दिया।

# स्मृति उद्यान काम्पलेक्स की 4 दुकानें की गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा में संचालित नशामुक्त भारत अभियान

**खास बात**

- जिला पुलिस व निगम प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही

के अंतर्गत मंगलवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर स्मृति उद्यान काम्पलेक्स निहारिका रोड कोरबा स्थित 4 दुकानों को वहॉ पर हो रही नशाखोरी पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सील कर दिया गया। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम प्रशासन की संयुक्त टीम ने यह कार्यवाही



कार्रवाई करते निगम के अधिकारी।

संपादित करवाई।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा में नशामुक्त भारत अभियान का सफल संचालन कराया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री वसंत के द्वारा जिले के विभिन्न विभागों को नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे इस अभियान में पृथक-पृथक जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं विभागीय समन्वय बनाते हुए नशाखोरी व मादक दवाओं, पदार्थो की तस्करी ⏭ शेष पेज 3 पर

### इन दुकानों को किया गया सील

निहारिका घंटाघर मार्ग पर स्थित स्मृति उद्यान काम्पलेक्स की दुकान क्र. 7, 8, 9 द लल्ला कैफे बार एवं दुकान क्र. 6 ए.आर. दुकान के अंदरूनी हिस्सों को सिगरेट बार का स्वरूप देकर नशाखोरी कराई जा रही थी, जहॉ पर दर्जनों नवयुवक व नाबालिक आराम से कुर्सी टेबल पर बैठकर सिगरेट के कस लगाते हुए पकडे गए, एक्शन टीम ने इन नवयुवकों को समझाईश व चेतावनी देकर वहॉ से रवाना किया तथा दुकान संचालकों पर कार्यवाही करते हुए उक्त 4 दुकानों को सील कर दिया गया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

# 20 दिन में 37 बच्चों ने कटा ली टीसी क्योंकि स्कूल हमेशा रहता है बंद शिक्षक पढ़ाने पहुंचते ही नहीं, अब 5 किमी दूर पढ़ने जाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- शिक्षकों की लापरवाही के दर्ज संख्या 92 से घटकर 55 तक रह गई
- सभी शिक्षकों का 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक का वेतन काटने की अनुशंसा

अलग खबर

सरकार ने बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दर्री में हाईस्कूल खोला। यहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की लेकिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव के बाद से सभी शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ नदारद रहते हैं। शिक्षकों की इस लापरवाही के कारण स्कूल की दर्ज संख्या जो की पहले 92 थी अब घटकर 55 तक पहुंच गई है। पढ़ाई नहीं होने के कारण स्कूली छात्रों ने टीसी कटा ली और 5 किलोमीटर दूर के स्कूल में एडमिशन ले लिया है। शिकायत के बाद पहुंचे तखतपुर ब्लाक के बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो वहां ताला लगा था। प्रभारी प्राचार्य के साथ ही चारों शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक का वेतन काटने का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। जिन शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए वेतन की कटौती के लिए प्रतिवेदन पेश किया गया है उनमें प्रभारी प्राचार्य जयकुमार कश्यप (व्याख्याता एलबी गणित), श्रीमती उषा मधुकर (व्याख्याता एलबी साइंस), श्रीमती बरखा रानी भास्कर (व्याख्याता एलबी अंग्रेजी) और श्याम राव (व्याख्याता एलबी संस्कृत) शामिल हैं। खास बात है कि इनमें से अधिकांश लोग शिक्षक संघों से जुड़े हुए हैं इसलिए अधिकतर स्कूलों में पढ़ाने पहुंचते ही नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत का अंदाजा इस एक स्कूल की स्थिति से समझा जा सकता है। तखतपुर ब्लाक मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर ग्राम दर्री में मिडिल स्कूल का उन्नयन करते हुए हाईस्कूल बनाया गया है। हाईस्कूल बनने के बाद इस क्षेत्र में काफी खुशी थी और लगातार एडमिशन हुए। नौवीं और दसवीं कक्षा मिलाकर दर्ज संख्या 92 तक पहुंच गई। जिला शिक्षा विभाग ने यहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की। इसके साथ क्लर्क, चपरासी और दूसरे स्टाफ भी नियुक्त किए गए।

## प्रवेशोत्सव के बाद से स्कूल में पढ़ाई नहीं

16 जून को जब स्कूल खुला तो उसके बाद प्रवेश उत्सव यहां मनाया गया। इसमें गांव के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्कूल के बच्चे और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद लेकिन इस स्कूल की पढ़ाई बंद हो गई। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि तखतपुर ब्लाक के साथ ही बिलासपुर मुख्यालय से पहुंचने वाले शिक्षकों ने स्कूल नियमित जाना बंद कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक सप्ताह में एक-दो दिन स्कूल लग गया तो बहुत था। यही नहीं जिस दिन स्कूल लगता भी था उस दिन भी एक बजे छुट्टी कर दी जाती थी जबकि स्कूल का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे का है। लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तखतपुर ब्लाक के बीईओ रामेश्वर बैरागी को क्षेत्र के स्कूलों का दौरा करने का निर्देश दिया। बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो उसे समय 3:00 बज रहा था और स्कूल में ताला लटका था।

## घर पहुंच गए शिक्षक बच्चों की कर दी छुट्टी

बीईओ ने प्रभारी प्राचार्य जय जायसवाल को फोन लगाया तो मालूम पड़ा कि सभी शिक्षक और स्टाफ घर चले गए। बच्चों की छुट्टी भी कर दी गई। गांव वालों ने बताया कि ऐसा अक्सर ही होता है। बीईओ श्री बैरागी ने इस मामले में प्रभारी प्राचार्य को फटकार लगाते हुए सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है साथी 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक की वेतन काटने की अनुशंसा की है। यहां यह ध्यान रहे की उन्नयन के बाद से हाईस्कूल के लिए अलग से कोई भवन नहीं बनाया गया है। मिडिल स्कूल में ही हाईस्कूल की कक्षाएं चल रही हैं। बीईओ श्री बैरागी के अनुसार स्कूल में कुल पांच कमरे हैं जिनमें से तीन कमरों में मिडिल स्कूल की कक्षाएं संचालित होती हैं तो दो अतिरिक्त कमरों में हाईस्कूल लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### उच्च शिक्षा विभाग में हुआ तबादला

**बिलासपुर।** राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग में तबादला आदेश जारी किया है। इसमें प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित क्रीड़ाधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरित किया गया है। इस आदेश के तहत शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कालेज कटघोरा से सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवदयाल पटेल का बिलासपुर बेलतरा नवीन कालेज में, टीसीएल कालेज जांजगीर से सहायक प्राध्यापक डॉ. गिरिश नंदन सिंह का बिलासपुर क्षेत्रीय अपर संचालक अंतर्गत विधि प्रकोष्ठ में, तखतपुर कालेज से रश्मि जैन का बिलासपुर माता शबरी कालेज, पथरिया कालेज से सहायक प्राध्यापक रामरति निषाद का मस्तूरी कालेज, मुंगेली कालेज से रंजू गुप्ता का साइंस कालेज बिलासपुर, सिलफिली कालेज से सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज बिलासपुर, रतनपुर कालेज से सहायक प्राध्यापक ऋचा बंसल का आत्मानंद इंग्लिश कालेज बिलासपुर, अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक रामेश्वरी बंजारा का आत्मानंद इंग्लिश कालेज बिलासपुर, अकलतरा कालेज से सहायक प्राध्यापक वंदना राठौर का माता शबरी कालेज बिलासपुर, रामानुगंज कालेज से सहायक प्राध्यापक शनि कुमार धारी का रतनपुर कालेज, अकलतरा कालेज से सहायक प्राध्यापक सुरेखा देवांगन का माता शबरी कालेज बिलासपुर में तबादला हुआ है।

### जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण कल

**बिलासपुर।** जिले की विभिन्न थानों में जब्त किए गए मादक पदार्थों का नष्टीकरण 10 जुलाई को सवेरे 10 बजे किया जाएगा। नष्टीकरण की कार्रवाई मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर लिमिटेड की भट्ठी में उक्त तिथि को किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नष्टीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्य एवं पंचान इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 14 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 14 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रेक्टर, वेल्डर, टर्नर, कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में संपर्क कर सकतें हैं।

### अनियमित कर्मचारी 16 से करेंगे आंदोलन

**बिलासपुर।** प्रदेश के 6 लाख नियमित, अनियमित कर्मचारी और पेंशनर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की ओर से बताया गया है कि पहले वे 16 जुलाई को रैलियां निकालेंगे। फिर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद करेंगे। फेडरेशन के मुताबिक प्रमुख मांगों में केंद्र के समान डीए, 2019 से लंबित डीए एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति की पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, चार स्तरीय 8,16,24 व 30 वर्ष में पदोन्नत समयमान वेतनमान, शिक्षकों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान, केशलैस मेडिकल सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति बगैर शर्त लागू हो, 300 दिनों के अवकाश का नगदीकरण, एनपीएस खाते में कटौती तिथि से गणना, पूर्ण पेंशन का पात्रता तय हो।

### जुआ खेलते पकड़े गए 7 जुआरी


**बिलासपुर।** पुलिस खेलते 7 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। बिल्हा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खपरी मंदिर के पास दबिश देकर जुआ खेलते रामायण केंवट, बलदाउ केंवट, जोईधा केंवट, ज्वाला पटेल, तिल्ला उर्फ चक्रधारी पटेल, बहोरिक यादव, अश्वनी निषाद को पकड़कर 1710 रुपए जब्त किया है।

## 7 करोड़ में बना प्रदेश का पहला प्लेनेटोरियम आबाद नहीं हो सका

# दो साल बाद भी नहीं बनीं 20 दुकानें 8 लाख का बिजली बिल भी बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





न शो चल रहे ना ही दर्शक पहुंच रहे



### स्माल आर्ट गैलरी के अलावा, कैंटिन सहित दूसरे काम भी बाकी, मुश्किल से सप्ताह में एक दो शो ही चल रहे

स्मार्ट सिटी द्वारा 7 करोड़ रुपए में बनाया गया प्रदेश का पहला तारामंडल दो साल बाद भी आबाद नहीं हो सका है। लाखों की मशीनरी तो लगा दी गई है, लेकिन तारों की उत्पत्ति से लेकर उनके जीवन की कहानी देखने लोग पहुंच ही नहीं रहे हैं। बड़ी मुश्किल से सप्ताह में एक दो शो ही चल रहे हैं उसमें भी 15-20 दर्शक ही पहुंचते हैं। कैंटीन और लाइब्रेरी के लिए अभी भी तोड़फोड़ जारी है। हालांकि स्मार्ट सिटी ने इसके संचालन के लिए एक ठेकेदार को जिम्मा दिया है, जिसने गार्डन तो ठीक बनाया है। इसके अलावा स्माल आर्ट गैलरी के के साथ वेटिंग रूम, लॉबी, कैंटिन सहित कोई काम नहीं हो सके हैं। सबसे बड़ी बात कि निगम ने यहां चौपाटी बनाने 20 दुकानों के लिए टेंडर किया था। 19 लाख रुपए के इस काम के टेंडर, वर्क आर्डर के साथ तात्कालिक महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया, लेकिन दुकानें नहीं बन सकीं। इसके साथ ही 7 लाख 65 हजार रुपए का बिजली बिल दो साल से जमा नहीं हो सका है। इसका ब्याज भी बढ़ रहा है।

व्यापार विहार में बना प्लेनेटोरियम एक तरह से किसी काम का नहीं रह गया है। इसका प्रचार-प्रसार ठीक से नहीं होने के कारण लोग देखने जा ही नहीं रहे हैं। ज्ञान विज्ञान की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए निर्माणाधीन प्लेनेटोरियम अव्यवस्था का शिकार होता जा रहा है। परिसर में बनाई गई सीसी रोड में दरार पड़ने लगी है। ऑक्सीजोन में लगाए गए पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए इंतजाम नहीं हैं। सौंदर्यीकरण का कार्य अधूरा हैं। प्रस्तावित तालाब का पता नहीं है। तालाब के सौंदर्यीकरण की बातें केवल कागजों में है। प्रवेश द्वार के बाहर सीसी रोड की ऊंचाई बढ़ाए जाने से परिसर की बाउंड्री वाल बहुत छोटी हो गई है।

### मुश्किल से सप्ताह के अंत में एक दो शो

यहां के एक स्टाफ ने बताया कि सप्ताह भर में शनिवार और रविवार को ही एक दो शो मुश्किल से चल पाते हैं। इसमें भी 180 सीट वाले इस तारामंडल में मुश्किल से 15-20 लोग पहुंचते हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर का तारामंडल रायपुर की अपेक्षा बड़ा और बेहतर है। रायपुर में 150 सीटर अनफिक्स (अस्थाई टेंटवाला) प्लेनेटोरियम का निर्माण किया गया है जबकि बिलासपुर में व्यापार विहार में स्थित प्लेनेटोरियम 200 सीटर है और फिक्स है। मतलब कि इसकी छत तथा अन्य निर्माण आरसीसी के स्थाई हैं। दर्शक प्लेनेटोरियम के ऊपरी हिस्से को पुश बैक चेयर में बैठ कर तारामंडल का लुत्फ उठा सकते हैं। स्क्रीन आरसीसी डोम के नीचे फाइबर की लगाई गई है। इस प्लेनेटोरियम का पूरा परिसर 3.34 एकड़ का है।

### खाने की कोई व्यवस्था नहीं

तारामंडल के संचालन का ठेका जयपाल मुदलियार को दिया गया है। 2.80 लाख रुपए सालाना में दिए गए इस ठेके में अनुबंध के तहत निगम को तारामंडल के बगल में ही 20 दुकानें बनानी थीं। इसे चौपाटी की तरह विकसित किया जाना था। निगम ने दुकानों के लिए 19 लाख रुपए का टेंडर निकालकर वर्क आर्डर भी जारी कर दिया। महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। अब कहा जा रहा है कि इसके लिए फंड ही नहीं है। अब चौपाटी और दुकानों के नहीं बनने से यहां आने वालों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। ठेकेदार ने इस बारे में निगम आयुक्त से कई बार मुलाकात की लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है।

### 9 लाख पौधे लगाने का दावा भी फेल

स्मार्ट सिटी ने जब तारामंडल का प्रोजेक्ट बनाया था तो उसमें परिसर में ही डेढ़ एकड़ का बागीचा बनाया जाना था। यहां आकर्षक, फूल -पत्तियों तथा औषधीय पौधे भी लगाए जाने की योजना थी। बागीचे के बाजू से 5000 वर्ग मीटर का छोटा सा तालाब भी बनना था जहां लोग शाम का वक्त बिता सकेंगे। इसमें से कोई भी काम अभी पूरा नहीं किया जा सका है। तालाब का काम तो अभी शुरू ही नहीं हो सका है। हालांकि निगम और ठेकेदार का दावा है कि यहां 9 लाख पौधे लगाए गए हैं। दरअसल यहां 2000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अरबन फॉरेस्ट लगाने की बात कही गई थी। पूरे प्रोजेक्ट में यह शामिल भी था। इसमें फल, फूल और हरियाली से भरपूर मौसमी फलों आम, जामुन, बिही, नीम, पीपल, गुलमोहर आदि के सदाबहार वृक्ष, बेलें लगाने की बात थी लेकिन इसमें से अधिकांश काम नहीं हो सके हैं।

# सीएमपीडीआई, एसईसीएल, बिजली रेलवे पर करोड़ों का टैक्स बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- एसईसीएल ने तीन बिलों का सवा दो करोड़ जमा किया
- दूसरे बकायादारों को भी अलग से नोटिस

नगर निगम ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया है। इसमें बिजली विभाग पर साढ़े सात करोड़, सीएमपीडीआई पर दो करोड़ दो लाख और एसईसीएल पर तीन बिलों का सवा दो करोड़ शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे को सेवा कर भुगतान के लिए अलग से पत्र जारी किया गया है। इसमें रेलवे के पास कितनी संपत्ति है उसका मूल्यांकन किया जाएगा। दरअसल निगम द्वारा रेलवे से संपत्तिकर नहीं लिया जाता है। इसके बदले सेवा शुल्क जमा कराया जाता है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में आने वाले 40 से अधिक बड़े बकायादारों को टैक्स के लिए नोटिस दिया गया है। इनसे 5 करोड़ रुपए की अलग से वसूली की जानी है।

- बिजली विभाग के साढ़े सात करोड़ रुपए का होगा समायोजन

नगर निगम के द्वारा शहर में संपत्ति कर, समेकित कर के माध्यम से हर साल शहर में करोड़ों रुपए टैक्स की वसूली की जाती है लेकिन कई ऐसे लोग हैं जो लंबे समय से नगर निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। जिससे उनका बकाया साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यही वजह है कि निगम प्रशासन को करोड़ों रुपयों की आर्थिक क्षति हो रही है, इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ रहा है। अब निगम ने सख्ती बरतते हुए सीएमपीडीआई को दो करोड़ दो लाख रुपए जमा करने कहा है। इसके साथ ही निगम द्वारा नोटिस जारी करने के बाद एसईसीएल ने नेहरू शताब्दि नगर का 70.71 लाख रुपए, बसंत विहार का 1.25 करोड़ रुपए और इंदिरा विहार का 31 लाख रुपए जमा कर दिया है। इसके साथ ही निगम द्वारा सीएसपीडीसीएल को 7.47 करोड़ रुपए जमा करने कहा गया है। इस बिल का समायोजन निगम और बिजली विभाग आपस में करेगें क्योंकि निगम पर भी करोड़ों रुपए का बिजली बिल बकाया है।

### निजी कंपनी से ज्यादा निगम अमले की वसूली

ज्ञात हो कि नगर निगम ने टैक्स वसूली का जिम्मा स्पैरो कंपनी को दिया था, जिसके लिए लाखों रुपए खर्च भी किए गए लेकिन, टैक्स वसूली में स्पैरो कंपनी सफल नहीं हो सकी। जिन क्षेत्रों में स्पैरो कंपनी को टैक्स वसूली करने का काम दिया गया था। वहां से अब तक निगम के अमले ने औसत 60% बढ़ोतरी की है। निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश में अभियान शुरू किया गया है। इसमें डोर टू डोर संपर्क, शिविर, बड़े बकायादारों से सख्ती और नवाचार के साथ ही ऑनलाइन सुविधा से निगम अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। राजस्व वसूली को एक प्रकार से अभियान का रूप देते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### नई दरों पर जमा कराया जाएगा संपत्तिकर

इधर सर्वे के दौरान नगर निगम ने पाया है कि कई मकान ऐसे हैं, जो पुराने रिकॉर्ड के आधार पर संपत्तिकर जमा कर रहे हैं। यह संपत्तियाँ वास्तविक निर्माण के मुकाबले अधिक टैक्स की पात्रता रखती हैं। इसमें रसूखदारों, राजनीतिक हस्तियों, बिल्डरों और व्यवसायियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने नई इमारतें बनाई हैं लेकिन पुरानी दरों पर ही टैक्स जमा कर रहे हैं। अब नगर निगम 2016-17 की पुरानी दरों को बदलकर नए सर्वे के अनुसार संपत्तिकर वसूलने के लिए अलग से अभियान चला रहा है।

### इस साल 136 करोड़ का टारगेट

इस साल नगर निगम ने 136 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा है। इसमें 70 करोड़ रुपए की राशि संपत्तिकर और समेकित कर की है। इसके अलावा पानी बिल, दुकान का किराया, कालोनियों का टैक्स, भवन अनुज्ञा के साथ ही विज्ञापन और यूजर जार्च का टैक्स जमा कराया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए टैक्स का टारगेट पूरा किया था। इससे पहले के वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने संपत्तिकर, समेकित यूजर चार्ज, भूखण्ड, दुकान, नीलामी, किराया समेत अन्य स्त्रोत को मिलाकर 87 करोड़ की वसूल किया था। पिछले साल राजस्व वसूली का मुख्य आधार संपत्तिकर, समेकित और यूजर चार्ज को मिलाकर 56 करोड़ 5 लाख वसूला गया है जो उससे पहले के सालों में 41 प्रतिशत अधिक था।

### मॉनिटरिंग की जा रही

टैक्स वसूली के लिए डोर टू डोर संपर्क, शिविर, बड़े बकायादारों से सख्ती और नवाचार के साथ ही ऑनलाइन सुविधा से निगम अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। राजस्व वसूली को एक प्रकार से अभियान का रूप देते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। एसईसीएल ने टैक्स जमा कर दिया है। बिजली विभाग से बिल का समायोजन हो जाएगा। सीएमपीडीआई ने भी टैक्स देने के लिए सहमति दे दी है।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## अय्याशी में उड़ा दिए 35 लाख, एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 माह में मार्केट से वसूली कर अय्यासी में 35 लाख रुपए खर्च करने वाले मिनीक्षी ट्रेडर्स के फरार एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, अशोकनगर निवासी मनोज सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी। मिनाक्षी ट्रेडर्स के प्रबंधक सतीश अग्रवाल के द्वारा अक्टूबर 2023 में सिरगिट्टी आदर्श कालोनी निवासी अमन शुक्ला पिता सतीश शुक्ला 28 साल को काम पर रखा गया था। वह संस्थान मे विभिन्न दुकानों में बेच गए सीमेंट की बिक्री रकम वसूली करने का काम करता था। जनवरी 2025 में दुकान संचालक व एकाउंटेड द्वारा आवक जावक का हिसाब किए तब अमन शुक्ला के द्वारा 6 माह में 35 लाख रुपए मार्केट से वसूली कर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए उपयोग कर गबन कर किया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 316, 2, 316, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। मंगलवार को सूचना मिली आरोपी एजेंट अपने घर आया हुआ है। टीआई श्री पाण्डेय, गोकूल जांगड़े, धीरेन्द्र सिंह, राहूल जगत ने घर में दबिश देकर एजेंट अमन शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया, वह वसूली करने के लिए बाहर जाता था। वसूली में से कुछ रखकर शानदार होटल में रूककर अय्यासी में खर्च कर बचा हुआ रकम संस्थान में जमा कर देता था। इस तरह से संस्थान के वसूली रकम 35 लाख रुपए अय्यासी में खर्च कर देना बता रहा है।

## सरकार रहते जमा नहीं कराए 1 करोड़ 77 लाख रुपए

# नए कांग्रेस भवन के लिए जमीन आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ठंडे बस्ते में गया नए कांग्रेस भवन बनाने का मामला

कांग्रेस सरकार के समय बिलासपुर में नए कांग्रेस भवन के लिए पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन का आबंटन हुआ था। कांग्रेस कमेटी को जमीन के भू-भाटक की राशि लगभग 1 करोड़ 77 लाख 26 हजार रुपए दो साल के भीतर जमा कराना था। लेकिन कांग्रेस पार्टी कोर्ट कचेहरी में उलझी रही और दो साल बीतने के बाद भी कांग्रेस कमेटी ने भू-भाटक की राशि जमा नहीं कराई और इधर कांग्रेस की सत्ता बदलते ही कांग्रेस भवन के लिए जमीन आबंटन निरस्त हो गया है। इसके साथ ही नए कांग्रेस भवन निर्माण का मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है।

शहर में नए कांग्रेस भवन की आवश्यकता वर्षो से महसूस की जा रही थी और कांग्रेसजनों की ओर से मांग भी उठती रही है। इसलिए प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की सरकार आने के बाद शहर में नए कांग्रेस भवन के लिए कवायद शुरू हुई और पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन का आबंटन शासन-प्रशासन स्तर पर हुआ था। तहसीलदार बिलासपुर के प्रतिवेदन एवं दावा आपत्ति के बाद फरवरी 2022 में जमीन आबंटन हुआ था। यह जमीन निर्धारित प्रब्याजि का पांच प्रतिशत प्रब्याजि एवं उस पर 0.30 प्रतिशत वार्षिक भू-भाटक एवं निर्धारित अधोसंरचना तथा पर्यावरण उपकर लेकर शासकीय भूमि स्थाई पट्टे पर सशर्त आबंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें 6 माह के अंदर भू-भाटक की राशि कांग्रेस कमेटी को जमा कराने कराना था। यह भी शर्त था कि निर्धारित समयावधि में प्रीमियम एवं वार्षिक भू-भाटक की पूरी राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में आबंटन की तिथि से प्रीमियम व वार्षिक भू-भाटक पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ राशि जमा कराई जाए। लेकिन यह राशि दो वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि दो वर्ष में राशि जमा नहीं कराए जापर आबंटन आदेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा। इस तरह से भू-भाटक की राशि लगभग 1 करोड़ 77 लाख 26 हजार रुपए तत्काल जमा कराना था। लेकिन कांग्रेस पार्टी कोर्ट कचहरी में ही उलझी रही और इस बीच विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार चली गई और भाजपा प्रदेश की सत्ता में आ गई। दो वर्ष की समयावधि के बाद भी कांग्रेस ने राशि जमा नहीं कराई थी।

### हाईकोर्ट जाने पर विचार

नए कांग्रेस भवन के लिए 35 हजार वर्गफुट से अधिक जमीन आबंटित हुई थी। लेकिन कांग्रेस कमेटी जमीन का डायवर्सन के बाद आबंटन के लिए आवेदन किया था। इसी तरह भूमि के एवज में लगभग 1 करोड़ 76 लाख राशि जमा कराना था। यह राशि दो साल के अंदर जमा कराना था इसलिए कांग्रेस कमेटी की ओर से 6 माह की समयावधि बढ़ाने की आवेदन दिया गया था। लेकिन कलेक्टर द्वारा उसे निरस्त कर दिया गया है। इसलिए अब कांग्रेस कमेटी अपील में हाईकोर्ट जाने पर विचार कर रही है।

- **विजय पांडेय**
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस

## आधुनिकीकरण से टाटा-बिलासपुर रद्द, चार ट्रेनें डायवर्ट 15 से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल में ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण के कारण टाटा से बिलासपुर के बीच चलने वाली ट्रेन रद्द रहने के अलावा चार ट्रेनें डायवर्ट रूट से चलाई जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन के बीच अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण का कार्य 15 जुलाई से 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होगी। इन ट्रेनों में 15, 19, 22, 26, 29 जुलाई, 2 अगस्त को 18113/18114 टाटा से बिलासपुर और बिलासपुर से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के अलावा 9, 12, 16, 19, 23, 26 अगस्त को 18109/18110 टाटा से नेताजी सुभाषचंद्र बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के पहिए थमे रहेंगे। वहीं 18, 25 जुलाई, 1, 11, 18, 25 अगस्त को 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर, 14, 21, 28 जुलाई, 8, 15, 22, 28 अगस्त, 5, 12, 19, 26 सितम्बर, 3 अक्टूबर को 18478 योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, कटक होकर, 15, 22, 29 जुलाई को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस सिनी, कान्ड्रा जंक्शन होकर, 18, 25 जुलाई, 1 अक्टूबर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन, सिनी होकर चलाई जाएगी।

## डीएसपी की फेक आईडी बनाकर फर्नीचर बेचने का विज्ञापन, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। डीएसपी की फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया में फर्नीचर बेचने का विज्ञापन जारी कर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी डीएसपी रश्मीत कौर चावला पति हरप्रीत सिंह वालिया 35 साल के नाम पर अज्ञात मोबाइल नम्बर 6002734815 धारक ने फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया में फर्नीचर बेचने का विज्ञापन जारी कर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक किमी सड़क बनने में दस माह का भी समय कम पड़ा

# दस माह में भी जनजाति क्षेत्रों में नहीं बन सकी जनमन योजना की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में पहुंचने के लिए पीएम जनमन योजना से सड़क निर्माण के लिए 23 स्थानों में काम शुरु करने हेतु

**खास बात**

- 23 स्थानों के लिए पिछले वर्ष सितंबर में शुरु हुआ था कार्य

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। दस माह गुजर चुके हैं और महज एक सड़क पाली ब्लॉक में तैयार हो सकी है। 22 सड़कों का निर्माण अभी भी शुरु नहीं हो सका है। इसमें एक सड़क की लंबाई एक किमी है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा पहाड़ी कोरवा बिरहोर बसाहट वाले क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जनवरी 2024 में सर्वे कार्य शुरु करते हुए ऐसे क्षेत्रों का चयन किया था। जहां आवागमन के लिए सड़कें नहीं थी। इन क्षेत्रों का सर्वे करने के बाद ऐसे 23 स्थान सामने आये जहां सड़क का निर्माण आवश्यक हो गया है। इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई और इस काम के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्माण एजेंसी बनाया गया। सितंबर 2024 में में इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए रायपुर और रायगढ़ की ठेका कंपनियों ने काम शुरु कर सड़क निर्माण के लिए खुदाई शुरु करते हुए कुछ स्थानों में निर्माण सामग्री भी डाल दी और आज 10 माह होने जा रहा है पाली ब्लॉक में शिवपुर ग्राम पंचायत की ही सड़क बन चुकी है। शेष कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के जनजाति क्षेत्रों के सड़कों का काम शुरु ही नहीं हो सका है। जबकि निर्माण स्थल में एजेंसी के द्वारा जो बोर्ड लगाया गया है उसमें सितंबर 2025 तक कार्य पूरा होने की अवधि तय की गई है और वर्तमान में जुलाई 2025 चल रहा है।


फाइल फोटो

**अजगरबहार से बागबाड़ा सड़क एक किमी की**

कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अजगरबहार से बागबाड़ा कोरवा बस्ती तक जाने के लिए एक किमी का कच्चा रास्ता है। जहां सड़क निर्माण के लिए आरईएस को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। सितंबर 2025 को सड़क का निर्माण शुरु किया गया जो जैसे पहले था वैसा अभी भी बना हुआ है। स्थिति यह है कि इस दस माह में एक किमी सड़क बनाने में ठेका कंपनी और आरईएस ने सक्रियता नहीं दिखाई। वहीं आदिमजाति कल्याण विभाग ने मॉनिटरिंग को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जबकि आदिमजाति कल्याण विभाग अंतर्गत ही संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में कार्य की जिम्मेदारी दी गई है।

बारिश के इस मौसम में सब तरह निर्माण कार्य बंद है ऐसे में दो माह में ही 22 सड़कों का निर्माण कैसे होगा इस पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## बारिश होने पर मध्यान्ह भोजन देने के बाद कर दी जाती है बच्चों की छुट्टी


स्कूल के बाहर खड़े बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा के आश्रित मोहल्ला चारपारा में स्थित प्राथमिक शाला जहां पर 30 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं उसे साल की हालत सालों से जर्जर हो गई है। परिणाम स्वरुप ज्यादा बारिश होने की स्थिति में छत से पानी रीसने के कारण बच्चों को मध्यान्ह भोजन कराने के बाद छुट्टी देने की मजबूरी हो जाती है।

स्कूल भवन जर्जर होने की शिकायत पदस्थ शिक्षिकाओं द्वारा कई बार अधिकारियों से किया गया किंतु किसी के द्वारा भी इस और ध्यान नहीं दिया गया अब उक्त साल की स्थिति यह है कि लेटर का प्लास्टर उखड़कर नीचे गिर रहा है, उसकी कमरे में बच्चे बैठने को मजबूर हैं कुछ ऐसी ही समीप के आंगनबाड़ी भवन की है जहां कई सालों से जर्जर अवस्था में है। आंगनबाड़ी भवन दूसरे के घर में संचालित हो रहा है किंतु विभाग का ध्यान इस ओर नहीं है। पिछले दिनों शाला प्रवेश उत्सव में सम्मिलित होने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह को भी शाला भवन की स्थिति से अवगत कराया गया था। उन्होंने मौके पर शाला भवन का अवलोकन किया तथा जल्द से जल्द सुधारने की बात कही थी। शिक्षिका श्रीमती वर्षा सिंह ने बताया कि पानी गिरने की स्थिति में बच्चों को रसोईया घर ले जाकर खाना खिलाकर छुट्टी कर दी जाती है, शाला भवन के अंदर बैठने में हमेशा डर बना रहता है।

**खबर संक्षेप**




### स्काउट्स गाइड्स ने हसदेव नदी किनारे किया पौधरोपण

**कोरबा।** जिले में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय स्तर पर भी स्काउट, गाइड इकाइयों द्वारा पौधों का रोपण किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम दर्री, रूमगरा क्षेत्र में हसदेव नदी के किनारे किया गया। कार्यक्रम को शिव फाउंडेशन, रूमगरा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि पौधों का रोपण एक नेक कार्य है। कोरबा के औद्योगिक परिवेश के लिए तो यह नितांत आवश्यक है। इससे प्रदूषण भी नियंत्रित होता है। सभापति ने कहा कि जिले की स्काउट गाइड की टीम रचनात्मक और सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम को पार्षद सत्येन्द्र दुबे एवं सीमा बाई कंवर ने संबोधित किया। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने बताया कि 7 जुलाई को राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के आह्वान पर कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में पौधरोपण किया गया है। इस अवसर पर डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, डा. फरहाना अली, प्राचार्य बीएस पैकरा, जयश्री महुलीकर, आशिफ अली, गनेशी सोनकर, भरत सिंह वर्मा सहित पूर्णिमा भट्टाचार्य, नमिता कड़वे, राजीव साहू आदि उपस्थित थे।

### कोरबा-दुर्ग के बीच चलाए 3 मेमू ट्रेन : सांसद बृजमोहन



**कोरबा।** दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ रायपुर मंडल क्षेत्र के सांसदों की बैठक 30 जून को हुई। इस बैठक में रायपुर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इंडस्ट्रियल क्षेत्र के लोगों की समस्याएं समझते हुए उनके पक्ष में नई ट्रेनों की मांग रखी। उन्होंने बताया कि कोरबा के लोगों को दिन में 11 घंटे तक कोई ट्रेन नहीं मिलती। कोरबा से सुबह आने वाली गाड़ियां रात को ही वापस जाती हैं। रायपुर से 7.30 बजे के बाद अगली ट्रेन सीधे 6 बजे मिलती है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कोरबा से दुर्ग के बीच कम से कम तीन मेमू लोकल ट्रेनें चलाने का सुझाव दिया। साथ ही रायगढ़ के लोगों को भी बेहतर सुविधा देने के लिए वहां से दो मेमू ट्रेनें चलाने की बात कही। कोरबा के लोग लंबे समय से यात्री सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई बार प्रयास किए, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। अब तक इन मांगों को मजबूती से नहीं रखा गया, जिससे कोरबा, बिलासपुर और रायपुर के लोग प्रभावित हो रहे हैं। कोरबा आज भी इस्पात नगरी और एजुकेशन हब भिलाई-दुर्ग से जुड़ नहीं पाया है, जबकि यह एक बड़ा इंडस्ट्रियल बेल्ट है। यात्रियों का आना-जाना लगातार बना रहता है, फिर भी रेलवे अधिकारियों ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। अब यहां के लोग अपने जनप्रतिनिधियों के साथ अन्य जिलों के नेताओं से भी समर्थन मांग रहे हैं। ट्रेन सुविधा से वंचित कोरबा की रेल संघर्ष समिति ने सांसद श्री अग्रवाल से पहल करने का अनुरोध किया था।

### नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प

**कोरबा।** किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण कराया गया है। खेती में ठोस डीएपी उर्वरक की कमी को पूरा करने के लिए किसानों को उसके विकल्प के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुरूप नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

## कन्या स्कूल की दीवार के मलबे में दबा हमर कटघोरा का साइन बोर्ड



बारिश में क्षतिग्रस्त दीवाल के नीचे दबा बोर्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा की दीवार बारिश से ध्वस्त हो गई और उसकी चपेट में आने के साथ हमर कटघोरा का बेक लाइट साइन बोर्ड भी बर्बाद हो गया।

कटघोरा में बिलासपुर रोड पर सरकारी कन्या हाई स्कूल स्थित है जहां पर यह घटना हुई। पिछले कई वर्षों से यह स्कूल यहां पर स्थित है जिसमें दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थी रहने के साथ स्थानीय स्तर पर पढ़ाई करते हैं। स्कूल की बाउंड्री के सामने नगर पालिका परिषद के द्वारा कुछ महीने पहले ही एक बेकलाइट साइन बोर्ड लगाया गया था। कटघोरा के बारे में लोगों को जानकारी देना इसका उद्देश्य था। नियॉन लाइट्स का उपयोग करने से रात्रि में इसके सामने का हिस्सा रिफ्लेक्ट होता था और इसकी चमक काफी हिस्से तक प्रसारित होती थी। बताया गया कि इस इलाके में बारिश के कारण कई प्रकार के कच्चे पक्के निर्माण कार्यों पर बुरा असर पड़ा। ऐसे स्थानों के आसपास बारिश का पानी ठहरने से नमी के स्तर में बढ़ोतरी हुई और फिर इस चक्कर में स्कूल की बाउंड्री वॉल का एक बड़ा हिस्सा धराशाई हो गया। इसके प्रभाव में आने से नगर पालिका का साइन बोर्ड भी बर्बाद हुआ है। लोगों ने बताया कि नगर में कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति अभी भी बनी हुई है और ऐसे में आशंका है कि आगे वहां भी इस तरह के हादसे होने की आशंका बनी हुई है।

## बारिश प्रभावित बस्तियों में पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले चार दिनों से जिले में लगातार बारिश की वजह से निचली बस्तियों में पानी भर गया था। खासतौर पर बालको के शांतिनगर, रिंगरोड, ढेंगुरनाला, कुलिंग टॉवर बस्ती की हालत बद से दत्तर थी। जैसे ही इसकी सूचना प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री को मिली वे दल बल सहित बस्तियों में पहुंचे और आमजनता से मुलाकात कर जलभराव को तत्काल खाली कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंगलवार को बालको क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जल भराव की शिकायत पर प्रभावितों से मुलाकात करने एवं उनकी समस्याओं से अवगत होने बालको पहुंचे। जहां श्री अग्रवाल ने जलभराव से प्रभावित बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात किया और उनके समस्याओं से अवगत हुए। शांतिनगर, रिंग रोड ढेंगुरनाला बीहीबाड़ी एवं कुलिंग टावर के निवासियों ने बताया कि बरसात की पहली पानी से हमारा पूरा बस्ती जलमग्न हो गया। जहां बरसात का पानी गंदी नालियों के कचरों के साथ दुकान एवं घरों में घुस गया, घर के समानों को सुरक्षित रखने का भी समय नहीं मिला सैंकड़ों परिवारजनों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है । राशन सामग्री के साथ घर के जरूरी सामान पानी में खराब हो गये। इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिह अग्रवाल ने बालको के कई स्थानों में भ्रमण कर विगत दिनों हुए जल भराव की समस्या का सामना करने वाले प्रभावितों से मुलाकात कर कहा कि बालको के विभिन्न स्थानों पर पानी भरने और लोगों को हुई परेशानी के बारे में मुझे फोन के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने अवगत कराया तब मैं रायपुर में था और कल रात कोरबा वापस आकर आज यहां के रहवासियों से मिला जिसमें महिलाओं ने बताया कि उनके घरों में 3 से 5 फीट तक पानी भर गया था जिसका असर अभी भी दिख रहा है। ऐसी स्थिति में बीमारियाँ फैल सकती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्य रूप में नगर पालिका का दायित्व है कि बरसात के पहले पानी निकासी के लिए नालियों की साफ सफाई, बिजली-पानी, सड़क- नाली आदि मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करे लेकिन इसके साथ साथ इस समस्या का सबसे बड़ा कारण जो है वह बालको प्रबंधन है। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चैहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पार्षद मुकेश राठौर, नारायण कुर्रे, डॉ.रामगोपाल कुर्रे, पूर्व पार्षद प्रदीप जायसवाल, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पीयुष पाण्डेय, महेन्द्र थवाईत पंचराम आदित्य, पार्षद बद्रीकिरण, राजू बर्मन, पूर्व पार्षद देवी दयाल सोनी, पूर्व पार्षद गंगाराम भाराद्वाज, लखन लाल सहिस, अजीत बर्मन, मुन्ना खान, मनोज भारिया, के के चैकसे, गिरधारी बरेठ, बल्लु थवाईत, एफ डी मानिकपुरी, ए डी जोशी, चंद्र कुमार निर्णेजक, ए अंसारी, भवानी साहू, बुद्धेश्वर चैहान सहित अन्य उपस्थित थे।


निरीक्षण करते पूर्व मंत्री।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं मंदिर का 50वां स्थापना दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिगंबर जैन मंदिर में जैन मिलन समिति द्वारा अष्टांन्हिका महापर्व के अवसर पर आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का पांचवा दिवस पूर्ण होने के साथ-साथ दिगंबर जैन मंदिर का 50वां स्थापना दिवस का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान को आज 6 दिवस पूर्ण हो चुके हैं। उक्त विधान का कार्यक्रम आर्यिका श्री 105 आदर्शमति माताजी के संघस्थ आर्यिका श्री 105 अखंड मति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी के सानिध्य में किया जा रहा है। जैन मिलन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया के प्रतिदिन की भांति प्रातः 7 बजे से श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन के पश्चात श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान के कार्यक्रम में पांचवें दिन में 128 अर्घों के साथ विधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। एवं मंदिर जी की 50वीं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शाम को मंदिर में भक्तांबर का पाठ किया गया ।उसके बाद विधान के छठवें दिन 256 अर्घों के साथ उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।



**स्वागत...**


**कटघोरा।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय 8 जुलाई को रायपुर से मैनपाट जाते समय कुछ वक्त के लिए कटघोरा के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में रुकीं जहाँ पर भारतिय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा सरोज पाण्डेय का स्वागत किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल ने मनाया जन्मदिन



**कटघोरा।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मण्डल के द्वारा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी को लड्डुओं से तौला गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी को उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मंडल कटघोरा की ओर से बधाई दी। ततपश्चात जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि आप सभी का प्यार है जो आज इतनी तेज बारिश के बावजूद भी आप लोगों ने अलप समय मे इतनी अच्छी व्यवस्था की व आप सभी से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारा दिया है कि एक पेड़ मां के नाम आप सभी पेड़ जरूर लगाएं। तत्पश्चात मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में गोपाल मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री संजय शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धन्नू दुबे, मण्डल अध्यक्ष जवाली श्रवण तंवर, पाली मण्डल अध्यक्ष, पार्षद पवन अग्रवाल, राजूदास दीवान, राजेश्वरी जात्रा, शिवमती पटेल, मण्डल महामन्त्री समजीत सिंह, हीरानंद पंजवानी, मिना शर्मा, डेकरान्त देवांगन, रामप्रसाद कोराम, उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया, अजय चंद्रा, राजेन्द्र टण्डन, देव दुबे, ममता अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। इसी तरह राईस मिल एसोसिएशन ने भी भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का स्वागत किया।

## मिडिल स्कूलों में तीन शिक्षकों की उपलब्धता

**कोरबा।** युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल गए, वहीं इन क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा की गारण्टी सुनिश्चित हो गई है। जिले के पोड़ी उपरोड़ा, पाली, कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक विद्यालयों के बच्चों को सीधा लाभ मिल रहा है।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### ज्वाइनिंग नहीं...

कोर्ट का हवाला देकर अब तक अपने स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी है। ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध अब कड़ाई बरतने की कवायद शुरु करते हुए वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए 11 जुलाई को पांचों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई है जिसमें ज्वाईनिंग देने वाले और नहीं देने वाले शिक्षकों की रिपोर्ट के साथ सभी बीईओ बुलाया गया है और उसके बाद वेतन काटने की कार्यवाही शुरु हो जाएगी।

### स्मृति उद्यान...

के विरूद्ध परिणाममूलक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा व जिले के अन्य विभागों के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम में अभियान के नोडल अधिकारी व उपायुक्त पवन वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने निहारिका क्षेत्र में छापामार कार्यवाही की एवं 4 दुकानों को सील किया। निगम में अभियान के नोडल अधिकारी व उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि अभी तक शहर के 55 स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित लगभग सौ दुकानों का निरीक्षण करते हुए संयुक्त टीम ने तम्बाखू उत्पादों की जप्ती की, दुकान संचालकों कड़ी चेतावनी दी कि दुकानों में तम्बाखू उत्पादों का दोबारा विक्रय व भण्डारण करते पाए जाने पर दुकानों के लाईसेंस निरस्त करने के साथ-साथ नियमों के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

समक्ष : श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं अनिल कुमार बैनर्जी उम्र 44 वर्ष पिता धनपत राम बैनर्जी, जाति सूर्यवंशी, निवासी-ग्राम जेंजरा, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं :

01 यह कि मैं उक्त पते पर निवास करता हूं।

02 यह कि मेरा पुत्र एकांश बैनर्जी पिता डॉ. अनिल बैनर्जी माता डॉ सिलेश्वरी कंवर बैनर्जी का जन्म दिनांक 23/11/2018 को जीवन आशा हॉस्पीटल जमनीपाली (कोरबा) में हुआ है जिसका ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र में मेरा पुत्र एकांश बैनर्जी के माता पिता का नाम गलत पूर्ण लिखा गया है।

03 यह कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं अपने पुत्र एकांश बैनर्जी के जन्म प्रमाण पत्र में लिखा गया माता पिता का नाम डॉ अनिल कुमार बैनर्जी एवं माता का नाम डॉ सिलेश्वरी कंवर बैनर्जी को सुधार करवाकर पिता अनिल कुमार बैनर्जी माता का नाम सिलेश्वरी कंवर पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कर ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

अस्तु शपथ पत्र सादर निष्पादित है।

**शपथकर्ता**
**अनिल कुमार बैनर्जी**






## खबर संक्षेप



### कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको नगर में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि गोपाल केडिया का उपस्थित सभी लोगों को उद्बोधन प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान शाला की प्राचार्य श्रीमती निरुपमा तिवारी, श्रीमती उर्मिला राठौर, सुमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव, जयनंद राठौर, व्यास मुनि मिश्रा, श्रीमती अर्चना रुणिझा, भोजेंद्र सिंह, संपत यादव, निखिल मित्तल, देव प्रसाद देवांगन, खोमन देवांगन मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों में पुस्तक गणवेश वितरण किया गया।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के कार्यक्रम में जिले के एनएसयूआई ने दी भागीदारी



**हरदीबाजार।** रायपुर के साइंस कालेज मैदान में रविवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित किसान, जवान, संविधान जनसभा में नेता प्रतिपक्ष, सासंद कोरबा, जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई के निर्देश में जिले से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में 50 से अधिक कार्यकर्ता भारी बारिश के बावजूद उत्साह के साथ शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने इस जनसभा को देश के मौजूदा हालात में कांग्रेस की संघर्षशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार किसानों, जवानों और संविधान पर प्रहार कर रही है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा, बुवाओं को रोजगार नहीं है, और संविधान के मूलभूत सिद्धांतों से खिलवाड़ किया जा रहा है। अवैध शराब बिक्री और स्कूलों को बंद कर शराब दुकानों को बढ़ावा जैसे गंभीर मुद्दों पर यह जनसभा जनता को आवाज बनी। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आशीष राठौर, विकास अहिर, सागर केंवट, रमेश पटेल, सफी, लक्की राठौर, गीताराम, कमलेश साहू, जीतू, विजय, संजय, विजय, अनिल अभिषेक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रेलवे ब्रिज पर कीचड़ और मिट्टी बहाव रोकने ग्रामीण उतरे मैदान में



**कटघोरा।** जनपद कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत राल के डोकारीखार गांव में ग्रामीणों का सब्र अब जवाब दे गया है। रेलवे ब्रिज क्रमांक-36 के पास लगातार हो रहे कीचड़ और मिट्टी बहाव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। बार-बार प्रशासन और रेलवे अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से खुद श्रमदान कर कीचड़ हटाने और मिट्टी बहाव रोकने का बीड़ा उठाया। कई ग्रामीणों ने रेलवे लाइन में लगे सीमेंट स्लैब को उठाकर बहते हुए पानी और कीचड़ की दिशा मोड़ने का प्रयास भी किया।ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें किसी आश्वासन की जरूरत नहीं है। वे अब खुद एकजुट होकर गांव और रेलवे ब्रिज को सुरक्षित बनाने में जुटे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधि, सरपंच, उपसरपंच और पंचों से भी इस काम में सहयोग की अपील की है। यह कदम प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ ग्रामीणों की एकजुटता और जागरूकता का प्रतीक बन गया है।

## रासायनिक खाद की कालाबाजारी पर लगी है पूरी तरह रोक

# खाद की कालाबाजारी रोकने कवायद अब थंब लगाने पर ही मिलेगी खाद




सोसायटी से खाद ले जाते किसान एवं थंब लगाते हुए किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रासायनिक खाद की काला बाजारी रोकने के लिए अब किसानों के स्वयं उपस्थित होकर थंब लगाने पर ही खाद दी जा रही है। इस आदेश का अब कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। समिति संचालक शासन के आदेश को नजर अंदाज कर प्रभावशाली लोगों को बिना थंब लगाए खाद का वितरण कर दिया करते थे जिससे कालाबाजारी पर रोक नहीं लग पा रही थी अब कड़ाई से पालन होने पर काला बाजारी पर रोक लग चुकी है।

समितियों में खाद के गहराते संकट के कारण किसानों को मार्केट से खाद खरीदने की मजबूरी होती थी वहीं प्रभावशाली लोगों द्वारा समितियों से खाद का उठाव कर काला बाजारी का काम किया जाता था। अब इससे निजात दिलाने के लिए राज्य शासन ने पीडीएस की तर्ज पर किसानों के लिए थंब लगाने के बाद ही खाद का वितरण किए जाने का निर्देश जारी किया है। यह निर्देश पूर्व में भी जारी किए थे किंतु समिति संचालकों के द्वारा गंभीरता से अमल नहीं किए जाने के परिणाम स्वरुप कुछ क्षेत्रों में खाद का काला बाजारी का कारोबार जोरों पर चला करता है। बीते दो वर्ष से शासन ने इस पर कड़ाई बरतने की शुरु की है।

इस वर्ष यह पूरी तरह से जिले में लागू किया गया है। पॉश मशीन में बिना थंब लगाए किसी को भी खाद नहीं दी जा रही है। इससे खाद की काला बाजारी पर पूरी तरह रोक लग गई है। इस वर्ष खाद के संकट को देखते हुए इस निर्देश से कड़ाई से अमल किया जा रहा है।

**खास बात**

- संकट होने पर मार्केट से खरीदने की हो रही मजबूती

**कुछ समितियों में गहराया खाद का संकट**

जिले की श्यांग, जिल्गा बरपाली, कोरकोमा, सोनुपरी और लेमरु समितियों में डीएपी के साथ एनपीके खाद का संकट गहरा गया है। डिमांड लेटर दिए जाने के बाद भी समितियों में खाद नहीं पहुंचने पर किसान समितियों से बैरंग लौट जाते हैं। कृषि विभाग के द्वारा किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके और यूरिया खाद आदि का उपयोग करने की सलाह दिया जा रहा है। कोरबा ब्लॉक के इन समितियों के द्वारा पाली व पोड़ी उपरोड़ा की कुछ बड़ी समितियों में जहां खाद की ज्यादा खपत है वहां भी खाद का संकट बना हुआ है और इन्हीं क्षेत्रों में सर्वर की समस्या भी बनी हुई है।

**बना रहे सर्वर का बहाना**

कुछ दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित सहकारीसमितियों के संचालकों द्वारा उनके क्षेत्र में नेटवर्किंग समस्या होने के साथ सर्वर डाउन रहने पॉश मशीन के काम नहीं करने का बहाना बनाकर बिना थंब लगाए खाद का वितरण किया जा रहा है। इसकी जानकारी भी जिला मुख्यालय पहुंची है। ऐसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की सहकारी समितियों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं और प्रतिदिन खाद के भंडारण से लेकर वितरण तक की जानकारी एकत्र की जा रही है।

# भालू ने कोरवा दंपती पर किया जानलेवा हमला



पीड़ित के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में पत्नी के साथ गए पहाड़ी कोरवा का अचानक एक भालू से सामना हो गया। उसके जानलेवा हमले में पति पूरी तरह से घायल हो गया। भालू ने अपने पंजों से उसके कंधे को नोच खसोट डाला। पति खुद संघर्ष कर किसी तरह जान छुड़ाई पर अपनी पत्नी को एक भी खरोंच लगने नहीं दी। पहाड़ी कोरवा को पीएचसी लेमरू में जरूरी उपचार कर जान बचाई गई और फिर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तत्कालिक सहायता के तहत इसे 500 रुपए वन विभाग द्वारा प्रदान किए गए हैं। लेमरू स्वास्थ्य केन्द्र की टीम द्वारा त्वरित चिकित्सिकीय सेवा उपलब्ध कराया गया और पहाड़ी कोरवा की जान बचाई जा सकी।

ग्राम पेण्ड्रीडीह में निवासरत रतिराम पिता सुन्दर साय अपनी पत्नी श्रीमती मानकुंवर के साथ सोमवार को जंगल गया हुआ था, तभी अचानक एक भालू ने उसपर हमला कर दिया। हमले से रतिराम के बाएं कंधे पर गहरी चोट लगी है। जिससे रतिराम खून से लथ-पथ हो गया। भालू ने अपने पंजे से बुरी तरह घायल कर दिया। रतिराम की पत्नी भालू के धक्के से दूर जा गिरी। इसके तत्काल बाद वनकर्मी एवं वन रक्षकों के द्वारा गंभीर हालत में घायल एवं चोटिल अवस्था में रतिराम को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू लाया गया। लेमरू अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। इसके बाद मरीज की स्थिति तथा गंभीरता को देखते हुए उसे 112 की मदद से जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज कोरबा रेफर किया गया। इस दौरान पीएचसी लेमरू में एलआर गौतम तथा नर्सिंग स्टॉफ श्रीमती मंजू रानी द्वारा चिकित्सकीय सेवा प्रदान कर मरीज की स्थिति को नियंत्रित कर कोरबा रिफर किया गया।

**खास बात**

- लेमरू वन परिक्षेत्र की घटना, अस्पताल में कराया गया भर्ती

# महापौर ने 33 हितग्राहियों को प्रदान किया आवास



हितग्राहियों को आवासगृह का प्रमाण पत्र देते महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बीएलसी घटक अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 722 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर निगम सभा कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में 33 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया।

महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल से साधुवाद है कि उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछडे.हुए लोगों के उत्थान के लिए, उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

### निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर, पूर्ण करें

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उपस्थित हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग मकान का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें तथा समयसीमा में मकान का निर्माण करा लें ताकि मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की मिलने वाली अतिरिक्त राशि भी आपको प्राप्त हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की समग्र जानकारी भी हितग्राहियों को दी तथा उनसे कहा कि निगम प्रशासन की ओर से सभी हितग्राहियों को पूरा सहयोग मिलेगा।

# ओएनसी बार से बाहर निकलते ही देर रात हंगामा तोड़फोड़, चार पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पॉम मॉल के बाहर रात को जमकर दो पक्षों में हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते वाद विवाद इतना बढ़ा किया कि मॉल के बाहर सड़क पर हाथापाई शुरू हो गई और एक दूसरे की गाड़ी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिसके बाद ओएनसी बार से बाहर निकल रहे एक युवक के साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसके बाद घंटों एक युवती ने इसे लेकर ड्रामा करती रही। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तब जाकर मामला शांत हुआ। सीएसईबी चौकी पुलिस ने कुल चार पक्षों के खिलाफ कुल चार अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात लगभग 12.30 बजे ओएनसी बार से शराब पीकर बाहर निकालने के दौरान कुछ युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में जमकर मारपीट करने लगे। इस दौरान ओएनसी बार से निकल रही एक युवती के पूर्व परिचित युवक के साथ भी जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। स्कूटी में सवार युवती ने बाहर निकलकर जमकर रोड पर हंगामा किया। हंगामा व मारपीट की सूचना पाते ही सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे। इस दौरान हंगामा कर रही युवती को कई बार पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही थी और जमकर हंगामा करते हुए गाली गलौज कर रही थी। पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले चार पक्षों को चौकी लेकर पहुंची, जहां चारों पक्षों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि आदित्य सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोनू, मुकेश सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया है। जबकि इसी तरह मुकेश महतो नामक युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने ऋषभ सहित अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह मारपीट के अन्य और मामले में ओएनसी बार के बाहर में ही मारपीट के मामले में दो पक्षों के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया है, जिसमें प्रतीक सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुदामा कलवानी, राजेश तिवारी, राहुल चावलानी के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष आदित्य की रिपोर्ट पर रेहान, नीतेश सहित दो अन्य के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज किया गया है।

**खास बातें**

- अक्सर बार के बाहर देर रात को इस तरह की घटनाएं आ रही हैं सामने
- जिले की अमन शांति को लेकर लोग हैं चिंतित



हंगामा करते युवक युवती को समझाती पुलिस।

**बार देर रात 12 बजे होता है बंद**

पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि शहर के बीचो-बीच पॉम मॉल में ओएनसीआर बार संचालित होता है, जिसे दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक खुलने का समय दिया गया है। देर रात तक बाहर खुले रहने की वजह से अक्सर पिछले कुछ महीने के दौरान लगातार मारपीट जैसे ही और वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला प्रशासन और पुलिस को इस मामले में सख़्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि शहर की अमन चैन बरकरार रहे अन्यथा आने वाले दिनों में कभी भी कोई गंभीर घटना घट सकती है।

**सोशल मीडिया में युवती का छाया रहा ड्रामा**

शहर के पॉश टीपी नगर क्षेत्र स्थित पॉम मॉल के थर्ड फ्लोर पर संचालित वन नाइट क्लब एक बार फिर विवादों में घिर गया है। क्लब के बाहर शराब के नशे में युवकों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक एक-दूसरे से झगड़ते हुए पुलिस के सामने ही हंगामा कर रहे हैं। नशे में धुत लोग आपस में वाद विवाद कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन विवाद और बढ़ गया। खास तौर पर स्कूटी सवार युवती को जब पुलिस समझा रही तो युवती नशे में चूर थी और पुलिस की बातों को ही दरकिनार कर हंगामा कर ड्रामा करती रही, जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## निगम आयुक्त की अध्यक्षता में हुई समय सीमा की बैठक

# लंबित आवेदनों को शीघ्रता से करें निराकृत : आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते नगर निगम आयुक्त।

आयुक्त नगर निगम आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यो को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने लगातार हो रही बरसात को ध्यान में रखते हुए सभी लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को मुस्तैद रहने व सतर्कता से कार्य करने कहा। साथ ही कृषि, राजस्व, नगर निगम , पंचायत, विद्युत सहित अन्य विभागों को बारिश से होने वाली क्षति का समय पर आकलन कर पीड़ितों को राहत पहुँचाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में श्री पाण्डेय ने शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यो की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने शासन की योजनाओं का आमजनों को प्राथमिकता से लाभ पहुँचाने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर गम्भीरता से ध्यान देने की बात कही। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अनावश्यक बिजली कटौती की समस्याओं को गम्भीरता से दूर करने के लिए कहा इस हेतु विभाग के निचले अमले लाईनमैन की फील्ड पर उपस्थिति सुनिश्चित करने व उन्हें सक्रियता से कार्य करने की हिदायत दी। साथ ही जिले के दूरस्थ क्षेत्रो के विद्युतविहीन बसाहटों, मजरा टोलों में विद्युत कनेक्शन पहुँचाने हेतु किए जा रहे सर्वे कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अनुविभाग अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन में पिछड़े विभागों से समन्वय कर कार्य मे प्रगति लाने की बात कही साथ ही उन्हें अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पिछड़ा वर्ग की भलाई सहित अन्य जनहित कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेकर विशेष कार्य करने के लिए कहा।

Hero
अतिशीघ्र युवक/युवती की आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| सेल्स मैन | 04 |
| सर्विस मैकेनिक | 02 |
| सर्विस हेल्पर | 02 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 |
| स्पेयर पार्टस् मैनेजर | 01 |

अनुभवी को प्रथम प्राथमिकता
नोट - सम्पूर्ण बॉयोडाटा साथ में लेकर आवें
अधिकृत सह विक्रेता एवं सर्विस सेंटर
के बी ऑटोमोबाईल्स
कबीर चौक, कुसमुण्डा, कोरबा
9926556561
8871940000
आप के संबंधित को सूचना देने में आप हमारा सहयोग करेंगे ऐसी आपसे अपेक्षा है अपने लोगों को शेयर भी कर सकते हैं

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411